**सेट/SET: 1**

# केंद्रीय विद्यालय संगठन ,जयपुर संभाग

**KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN ,JAIPUR REGION**

**अभ्यास परीक्षा/PRACTICE EXAMINATION :2024-25**

**कक्षा/CLASS: दसवीं/10th**

**विषय/SUB: हिंदी/Hindi (कोड/CODE:002)**

**अधिकतम अवधि/Time Allowed: 3 Hours** **अधिकतम अंक/Maximum Marks: 80**

## उत्तर-माला

सामान्य निर्देश / General Instructions:

1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
2. प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
3. अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं है। यह सुझावात्मक एवं सांकेतिक है।
4. यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
5. मूल्यांकन-कार्य अपने निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।
6. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटा जाए।
7. मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है।

| | **खंड-क : अपठित बोध** | |
|---|---|---|
| 1 | अपठित गद्यांश के उत्तर दीजिए - | 7 |
| (क) | (iii) बच्चों के भविष्य की चिंता के कारण | 1 |
| (ख) | (iv) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है। | 1 |
| (ग) | (iii) जीवन में संघर्ष का बढ जाना | 1 |
| (घ) | महामारी में आर्थिक गतिविधियों का बहुत अधिक प्रभावित होना | 2 |
| (ङ) | विद्यालयों के बंद होने पर ऑनलाइन शिक्षा का प्रबंध करना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | अपठित पद्यांश को पढकर उत्तर दीजिए | 7 |
| (क) | (ii) शील और पौरुष जैसे श्रेष्ठ गुणों से | 1 |
| (ख) | (iv) वीर पुरुष अपना नाम इतिहास में लिखवा ही लेते है। | 1 |
| (ग) | (iii) समरशूर, भावुक और दानी | 1 |
| (घ) | पैदा होने पर कर्ण को जलधारा पर बहती हुई पेटी के पालने में झुलाया गया था अर्थात जलधारा में बहा दिया थ। | 2 |
| (ङ) | वीर पुरुष समर-शूर, भावुक, दानी और साहसी होते हैं। | 2 |
| | **खंड - ख : व्यावहारिक व्याकरण** | |
| 3 | निर्देशानुसार रचना के आधार पर वाक्य-भेद से कोई चार प्रश्न कीजिए- | 4x1=4 |
| (क) | (i) मिश्र वाक्य में एक से अधिक उपवाक्य होते हैं, इनमें एक उपवाक्य प्रधान होता है तथा एक या एक से अधिक उपवाक्य उस पर आश्रित होते हैं, यह उपवाक्य आपस में व्यधिकरण योजक से जुड़े हुए होते हैं। | 1 |
| (ख) | (ii) वह मुझे जानने वाले सभी लोगों से मिले। | 1 |
| (ग) | (iii) आनंद चार दिन गांव में रहा और सबका प्रिय हो गया। | 1 |
| (घ) | (iv) मिश्र वाक्य | 1 |
| (ङ) | (v) विशेषण उपवाक्य | 1 |
| 4 | निर्देशानुसार वाच्य पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 1x 4=4 |
| (क) | जिन वाक्यों मे कर्ता और कर्म गौण होते है, और भाव प्रधान होता है, वे भाववाच्य होता है। | 1 |
| (ख) | कर्तृ वाच्य | 1 |
| (ग) | बालगोबिन भगत द्वारा प्रभातियाँ गाई जाती थी। | 1 |
| (घ) | आओ, वहाँ बैठा जाए। | 1 |
| (ङ) | संयुक्त वाक्य | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों में से किन्हीं चार वाक्यों का पद परिचय दीजिए - | 1x4=4 |
| (क) | जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक (अपवाद दृष्टांत) | 1 |
| (ख) | रीतिवाचक क्रिया विशेषण, होने लगी क्रिया की विशेषता | 1 |
| (ग) | सार्वनामिक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'बालक' | 1 |
| (घ) | गुणवाचक विशेषण, बहुवचन ,पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण। | 1 |
| (ङ) | सकर्मक क्रिया, कर्म -पान, सामान्य भूतकाल कर्तृ वाच्य | 1 |
| 6 | निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित कोई चार उत्तर दिजिए | 1x4=4 |
| (क) | उपमेय और उपमान में समानता। | 1 |
| (ख) | मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (ग) | अतिशयोक्ति अलंकार | 1 |
| (घ) | उपमेय पर उपमान का अभेद आरोप। | 1 |
| (ङ) | उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| 7 | पठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1x5=5 |
| (क) | (iv)) उन्हें चश्मे के फ्रेम बदलने का कारण जानने की जिज्ञासा थी। | 1 |
| (ख) | (iv) उनके लिए जिज्ञासा पर नियंत्रण करना कठिन हो गया था। | 1 |
| (ग) | (i) शारीरिक गठन, भाव-भंगिमाओं | 1 |
| (घ) | (ii) पानवाला आधा-अधूरा उत्तर दे रहा था। | 1 |
| (ङ) | (iii) कथन (i), (ii) सही हैं किंतु (iii) गलत है। | 1 |
| 8 | किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। | 2x3=6 |
| (क) | बाल गोविंद भगत ने अपने पुत्र की मृत्यु पर शोक के स्थान पर उत्सव मनाया, अपनी पतोहू से अपने पुत्र का अंतिम संस्कार करवाया। पतोहू को उसके भाई के साथ भेज कर उसके पुनः विवाह के लिए आदेश दिया। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | महानगरों में फ्लैट संस्कृति ने लोगों को पड़ोस की संस्कृति से अलग कर दिया है। फ्लैट कल्चर में जीवन केवल अपने तक सीमित हो गया है यहां किसी को किसी से कोई मतलब नहीं है ऐसा जीवन असहाय और सुरक्षित होता है, स्थितियां यहां तक पहुंच गई है कि फ्लैट में परिवार के साथ रहते हुए भी मानव अपने बंद कमरे तक सीमित हो गया है। व्यस्तता के कारण एक दूसरे की कुशलता पूछना भी भूल गया है। इसके विपरीत मन्नू जी ने अपना जीवन मोहल्ले के अपनत्व में बिताया जहां सब एक दूसरे से परिचित होते थे सब आनंद पूर्ण समय बिताते थे तथा सुरक्षित भी थे, उन्होंने लिखा है कि बड़ी से बड़ी विपरीत परिस्थिति में पड़ोस के सहयोग से ही सभी अपना धैर्य बनाए रखते थे, वह कभी अकेलेपन का अनुभव नहीं करते थे। | |
| (ग) | बिस्मिल्ला खां हिंदू और मुस्लिम संस्कृतियों के मेल-जोल के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। वह इस्लाम में पूर्ण आस्था रखने वाले सच्चे मुसलमान थे। मुसलमान के सभी धार्मिक आयोजनों, त्योहार और पर्वों में पूरी श्रद्धा से भाग लेते थे। वह बालाजी और विश्वनाथ के मंदिरों में शहनाई बजाते थे। हिंदू संस्कृति से उनका गहरा लगाव था, श्रद्धा और सम्मान से प्रेरित थे। अपना शहनाई वादन आरंभ करने से पूर्व वह बालाजी मंदिर की दिशा में मुंह करके कुछ देर शहनाई बजाते थे इस प्रकार वह मिली जुली संस्कृति के जीते जागते प्रतीक थे। | |
| (घ) | लेखक के अनुसार एक चीज है - किसी व्यक्ति विशेष द्वारा आविष्कार कर सकने की शक्ति। दूसरी चीज है आग का आविष्कार। इसी प्रकार दूसरे उदाहरण में एक चीज है - सुई धागे का आविष्कार कर सकने की शक्ति तथा दूसरी चीज है- सुई धागे का आविष्कार। लेखक के अनुसार जिस योग्यता, प्रेरणा अथवा प्रकृति के बल पर आग तथा सुई-धागे का आविष्कार हुआ, वह है व्यक्ति विशेष की संस्कृति और उस संस्कृति द्वारा जो भी आविष्कार हुआ जो चीज उसने दूसरों के लिए अविष्कृत की वह सभ्यता है। | 2 |
| 9 | पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1x5=5 |
| (क) | (iv) क्षत्रियों का संहार | 1 |
| (ख) | (iv) लक्ष्मण को बालक समझने | 1 |
| (ग) | (iii) कथन (i) गलत और कथन (ii) सही | 1 |
| (घ) | (iii) धनुष हाथ लगाते ही टूट गया था। | 1 |
| (ङ) | (iv) लक्ष्मण को डराने के लिए | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | पद्य पाठ आधारित किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए- | 2x3=6 |
| (क) | जिनके मन आज किसी को भजते और कल किसी और को भजते है अर्थात जिनका मन चलायमान है। गोपियों ने तो श्री कृष्ण को ही मजबूती से पकड़ रखा है वह रात दिन उनको भजती हैं ।गोपियों ने उद्धव से कहा कि वह अपने योग की शिक्षा उन लोगों को जाकर दे जिनके मन चक्र के समान घूमते हैं जो प्रेम में एकनिष्ठ नहीं है। भटकाव और अस्थिर मन वालों को योग की शिक्षा जाकर दे। | |
| (ख) | आत्मकथा लिखने के लिए किसी व्यक्ति में व्यक्तित्व की विशालता के साथ-साथ ईमानदारी साहस और सच्चाई की आवश्यकता होती है, किंतु अपनी विनम्रता और महानता के कारण भी अपने जीवन को आत्मकथा लिखने योग्य नहीं मानते थे उन्हें लगता था कि उनके जीवन में कोई ऐसी महान उपलब्धि नहीं है जिसकी सराहना की जाए अर्थात उनके इस जीवन में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे लोग प्रेरणा ले सके। | |
| (ग) | यह दंतुरित मुस्कान कविता में बांस और बाबुल कठोर और निष्ठुर हृदय वाले लोगों के प्रतीक है। ऐसे लोगों पर मानवीय संवेदनाओं का कोई असर नहीं होता है, शिशु की दंतुरित मुस्कान देखकर ऐसे लोग भी सहृदय बन जाते हैं। | |
| (घ) | संगतकार मुख्य गायक का स्वर जब लडखडाता है, वह सरगम की जटिल तानों के जंगल में खो जाता है, तब संगतकार आकर उसे संभालता है, हमारे जीवन में कई संगतकार है जो हमारी सफलता में हमारा साथ देते है। | |
| 11 | पूरक पाठ्यपुस्तक के किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए:- | 4x2=8 |
| (क) | माता का आंचल पाठ में भोलानाथ और उसके साथियों के खेल सामूहिक रूप से मिल- जुलकर खेले जाते थे ।उनके खेलने की सामग्री बच्चों द्वारा स्वयं निर्मित की जाती थी घर की अनुपयोगी वस्तु ही उनके खेल की सामग्री बन जाती थी जबकि आज प्लास्टिक के खिलौने और इलेक्ट्रॉनिक खिलौने का प्रचलन है ।खेल सामग्री में आए अंतर ने बच्चों के नैतिक मूल्यों को भी प्रभावित किया है वर्तमान समय में बच्चों द्वारा जो खेल खेले जाते हैं उन्होंने बच्चों को एकाकी बना दिया है। उनमें सहयोग, सहभागिता, सामाजिकता जैसे गुण धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। | |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | देश की सीमा पर सैनिक सर्दी, गर्मी हर मौसम में देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर डटे रहते हैं ताकि हम चैन की नींद सो सके यह सैनिक हर पल कठिनाइयों से जूझते हुए प्रकृति के प्रकोप को सहते हुए अपनी जान हथेली पर रखकर भूखे प्यासे रहकर अपना कर्तव्य निभाते हैं। उनके प्रति भारतीय युवकों का या विद्यार्थियों का उत्तरदायित्व बनता है कि उनके परिवार वालों के साथ हमेशा सहानुभूति, प्यार, सम्मान के साथ पेश आए उन्हें हर प्रकार की सहायता देनी चाहिए उनके बच्चों का ध्यान रखें किसी प्रकार का कोई कष्ट या अभाव ना हो उनके बच्चों की शिक्षा-दीक्षा सही प्रकार से हो। | |
| (ग) | हमें विज्ञान के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही रूपों को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। हम परमाणु बम के प्रयोग से होने वाली भयानक जनहानि से लोगों को अवगत करा सकते हैं। लेखक ने अनुभव के आधार पर बताया है कि वैज्ञानिक आविष्कार का सदुपयोग होना चाहिए दुरुपयोग नहीं। परमाणु बम के प्रयोग से होने वाली जनहानि को नुक्कड़-नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता द्वारा लोगों तक पहुंचा जा सकता है। | |
| 12 | किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए:<br>• भूमिका 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• निष्कर्ष 1 अंक<br>• भाषा की शुद्धता 1 अंक | 1×6=6 |
| 13. | किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए:<br>• प्रारूप (प्रारंभ और अंत के औपचारिकताएं) 1 अंक<br>• विषयवस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1×5=5 |
| 14. | किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत / ईमेल लिखिए:<br>• प्रारूप 1 अंक<br>• विषय वस्तु 3 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1×5=5 |
| 15. | किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन/संदेश लेखन:<br>• रचनात्मक प्रस्तुति 1 अंक<br>• विषय वस्तु 2 अंक<br>• भाषा शुद्धता 1 अंक | 1×4=4 |